नारा लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद में 15 सितंबर 2023 को लोक प्रशासन विभाग द्वारा ''जी-20 (2023): वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर'' विषय पर नारा लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्राचार्या डॉक्टर पूनम मोर ने एवं संचालन डॉक्टर रचना दलाल ने किया। प्राचार्या डॉक्टर पूनम मोर ने बताया कि जी -20 अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है। जी-20 का पहला शिखर सम्मेलन 2008 में वॉशिंगटन में शुरू हुआ था। 1 दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक इसकी प्रेसीडेंसी भारत को मिली हुई होने के कारण इसका 2023 का सम्मेलन भारत में हुआ। उन्होंने यह भी बताया की भारत में हुए सम्मेलन में अफ्रीकन यूनियन जो की 55 देशों का समूह है, को इसका नया सदस्य बनाए जाने से अब इसका नाम जी-21 हो गया है। नारा लेखन प्रतियोगिता में आठ छात्राओं ने एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 38 छात्राओं ने भाग लिया। सभी छात्राओं ने दिल्ली में हुए जी-20 सम्मेलन के "नई दिल्ली घोषणा पत्र" के सभी प्रस्तावों को बड़ी खूबसूरती से दर्शाया। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बी.ए. द्वितीय वर्ष की अंजलि, द्वितीय स्थान पर तृतीय वर्ष की तान्या एवं तृतीय स्थान पर बी.ए. प्रथम वर्ष की नेहा रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बी.ए. तृतीय वर्ष की मोनिका, द्वितीय स्थान पर बी.ए. द्वितीय वर्ष की स्नेहा एवं तृतीय स्थान पर बी.ए. प्रथम वर्ष की रितिका रही। प्राचार्या डॉक्टर पूनम मोर ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की एवं विजेताओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्राओं को प्रतिभा दिखाने का अवसर देने के साथ-साथ उनके ज्ञान में भी वृद्धि करती हैं। निर्णायक मंडल की भूमिका श्रीमती रेखा सैनी एवं डॉक्टर पिंकी ने निभाई।

जी-20 अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच : डा. पूनम

हिंदू कन्या कालेज मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। विज्ञप्ति

जींद, विज्ञप्ति : हिंदू कन्या महाविद्यालय में लोक प्रशासन विभाग द्वारा 'जी-20 विषय पर स्लोगन राइटिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्या डा. पूनम मोर की अध्यक्षता में किया गया। संचालन डा. रचना दलाल ने किया। निर्णायक मंडल की भूमिका एसोसिएट प्रोफेसर रेखा सैनी एवं डा. पिंकी ने निभाई। प्राचार्या ने कहा कि जी-20 अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है। जी -20 का पहला शिखर सम्मेलन 2008 में वाशिंगटन में शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि भारत में हुए सम्मेलन में अफ्रीकन यूनियन जो 55 देश का समूह है, इसका नया सदस्य बनाए जाने से अब इसका नाम जी-21 हो गया है। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में आठ छात्राओं ने एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 38 छात्रों ने भाग लिया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजलि, द्वितीय स्थान पर तृतीय वर्ष की छात्रा तान्या एवं तृतीय स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा रही। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान पर बीए तृतीय वर्ष से मोनिका, द्वितीय स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष से स्नेहा एवं तृतीय स्थान पर बीए प्रथम वर्ष से रितिका रही।